जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

29 अगस्त 2023

प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत: बुरहानी ट्रस्ट सीएसआर जामिया परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग करेगा

- **जेएमआई** चांसलर और **वीसी** के प्रयासों से सीएसआर पहल का मार्ग प्रशस्त हुआ

जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर के द्वारा जामिया परिसर को स्वछ और सुंदर बनाने के प्रयासों को बढ़ावा मिला है। बुरहानी ट्रस्ट सीएसआर ने स्वच्छ भारत पहल के तहत परिसर को स्वच्छ बनाने और इसे सुंदर बनाने के लिए विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करने की पेशकश की है। जामिया के माननीय कुलाधिपति, महामहिम, डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से कुलपति प्रो. नजमा अख्तर (पद्म श्री) ने अनुरोध किया था कि सीएसआर के तहत "स्वच्छ जामिया" परिसर के लिए संगठनों का सहयोग मिले जिसके परिणामस्वरूप बुरहानी ट्रस्ट सीएसआर ने सहयोग करने की पेशकश की है।

कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर और जामिया बिरादरी ने महामहिम डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के प्रयासों से विश्वविद्यालय को मिले समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

शेख नजमुद्दीन फिदवी के नेतृत्व में बुरहानी ट्रस्ट सीएसआर की एक टीम ने कुलपति प्रो. नजमा अख्तर एवं विश्वविद्यालय परिसर के रखरखाव और विकास की देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की। जेएमआई कोर्ट के सदस्य श्री आसिफ फारूकी भी बुरहानी ट्रस्ट सीएसआर टीम के साथ थे। दोनों पक्षों ने स्वच्छता और सौंदर्यीकरण परियोजना को प्रभावी ढंग से निष्पादित करने के लिए आवश्यक कार्य के दायरे, समयसीमा और संसाधन आवंटन पर चर्चा की। आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए टीम ने परिसर का दौरा भी किया।

महामहिम डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने प्रोफेसर नजमा अख्तर को अपने संदेश में सुप्रशंसित परिसर की स्वच्छता और सौंदर्यशास्त्र को बनाए रखने और बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण की हार्दिक सराहना की। अपने संदेश में उन्होने यह भी कहा कि यह एक तथ्य है कि एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण हमारे जोश में इज़ाफ़ा करता है और शिक्षण-अधिगम गतिविधियों, अनुसंधान और उचित विकास के लिए अनुकूल सकारात्मक माहौल बनाता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया